प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

2 मई 2025

## भारत सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियों का रूपांतरण/ स्विच

भारत सरकार अपनी देयता प्रोफाइल को सुचारू बनाने के उद्देश्य से तथा बाजार की गतिविधियों के लिए बाजार सहभागियों के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ भी रूपांतरण/स्विच परिचालन करता रहा है। इन परिचालनों के भाग के रूप में, सरकार ने 30 अप्रैल 2025 (02 मई 2025 को निपटान) को रिज़र्व बैंक के साथ रूपांतरण/स्विच लेनदेन किया। लेनदेन में रिज़र्व बैंक से वित्त वर्ष 2026-27 में परिपक्व होने वाली प्रतिभूतियों को वापस खरीदना और लेनदेन को नकदी तटस्थ बनाने के लिए बराबर बाजार मूल्य के लिए नई प्रतिभूति जारी करना शामिल था। ये लेनदेन 29 अप्रैल 2025 को फाइनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफ़बीआईएल) की कीमतों का उपयोग करके किए गए थे। इनके विवरण नीचे दिए गए हैं:

| सरकार द्वारा आरबीआई से वापस खरीदी गई प्रतिभूति | राशि (अंकित मूल्य) (₹ करोड़) | सरकार द्वारा वापस खरीदी गई प्रतिभूति का एफबीआईएल मूल्य (₹) | सरकार द्वारा आरबीआई को जारी की गई प्रतिभूति | राशि (अंकित मूल्य) (₹ करोड़) | सरकार द्वारा जारी प्रतिभूति का एफबीआईएल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 5.63% जीएस 2026 | 14,900 | 99.66 | 8.33% जीएस 2036 | 12,939.473 | 114.76 |
| 6.97% जीएस 2026 | 22,400 | 101.22 | 8.33% जीएस 2036 | 19,757.127 | 114.76 |

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/239**